Total No. of Questions : 6 | Total No. of Printed Pages : 2

Roll No. ....

BH-6001

B.A., I Semester Examination,
December-January : 2025-2026
(Discipline Specific Core Course (HNSC-01))
HINDI LITERATURE
(हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल से रीतिकाल तक))

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 70

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–अ

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10×1=10

i) 'द माडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' के रचयिता कौन है?

(अ) गिलक्राइस्ट (ब) जार्ज ग्रियर्सन

(स) गार्सा द तासी (द) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

ii) हिन्दी साहित्य का इतिहास सर्वप्रथम किस भाषा में लिखा गया?

(अ) हिन्दी (ब) अंग्रेजी

(स) फ्रेंच (द) उर्दू

iii) 'पृथ्वी राज रासो' किस राजा के जीवन पर आधारित है?

(अ) पृथ्वीराज चौहान (ब) विक्रमादित्य

(स) चन्द्रगुप्त (द) बीसलदेव

iv) आदिकाल का प्रमुख विषय क्या है?

(अ) भक्ति (ब) वीरता

(स) प्रेम (द) हास्य

v) सगुण भक्तिधारा के कवि कौन है?

(अ) कबीरदास (ब) तुलसीदास

(स) मलिक मुहम्मद जायसी (द) नानक देव

vi) कबीर का प्रमुख काव्य संग्रह कौन सा है?

(अ) पदावली (ब) पद्मावत

(स) बीजक (द) सूरसागर

vii) सूरदास की भक्ति किस प्रकार की भक्ति है?

(अ) दास्य भक्ति (ब) सखा भक्ति

(स) प्रेम भक्ति (द) निर्गुण भक्ति

viii) रीतिकाल की प्रमुख भाषा कौन सी है?

(अ) संस्कृत भाषा (ब) ब्रज भाषा

(स) अवधी भाषा (द) हिन्दी भाषा

ix) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है?

(अ) केशवदास (ब) सूरदास

(स) घनानंद (द) बिहारी

x) 'सतसई' के रचयिता कौन है?

(अ) केशवदास (ब) तुलसीदास

(स) चिंतामणी (द) बिहारी

2. सभी लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $4 \times 5 = 20$

अ) हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा की शुरूआत कब और कैसे हुई?

ब) सिद्ध साहित्य की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

स) भक्तिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ क्या थी?

द) रीतिकाल का सामान्य परिचय दीजिए।

खण्ड–ब
(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $4 \times 10 = 40$

3. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में आने वाली समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन पर अपना विचार व्यक्त कीजिए।

4. आदिकाल की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

जैन साहित्य का परिचय देते हुए इसकी विशेषताएं लिखिएँ।

5. भक्तिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

अथवा / OR

निर्गुण भक्तिधारा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

6. रीतिकाल का परिचय देते हुए इसकी प्रवृत्तियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

अथवा / OR

बिहारी को रीतिसिद्ध कवि क्यों कहा जाता है? इनकी काव्यगत विशेषताओं के आधार पर रीतिसिद्ध काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

❑❑❑❑